राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की विशेष बैठक आयोजित
राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्काउट गाइड चल वैजयंती शील्ड प्रदान की
स्काउट गाइड सह शैक्षिक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन हो – राज्यपाल

जयपुर, 6 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्काउट गाइड सह शैक्षिक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी स्तरों पर वातावरण निर्माण कर कार्य किया जाए। राज्यपाल ने स्काउट गाइड में उत्कृष्ट कार्यों के लिए संगठन के सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री विनोद दत्त जोशी को इस अवसर पर चल वैजयंती शील्ड भी प्रदान की।

राज्यपाल श्री मिश्र सोमवार को राजभवन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की विशेष बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार की सौ दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत 1 हजार 500 नवीन विद्यालयों में स्काउट गाइड समूह का पंजीकरण कर इनकी गतिविधियां प्रभावी की गई है। इसी तरह 8 हजार 826 निष्क्रिय समूहों को सक्रिय किया गया तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 4हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। बैठक में इस संगठन के अंतर्गत गुणात्मक वृद्धि के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी बताया गया।

राज्यपाल ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि राजस्थान शिक्षा के साथ सह शैक्षिक गतिविधियों में देश भर में अग्रणी है। उन्होंने शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमताओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में भी विद्यार्थियों की क्षमता विकास पर ही अधिक जोर दिया गया है।

राज्यपाल ने पूरे देश में एक मात्र राजस्थान में स्काउट गाइड के आवासीय विद्यालयों का गठन कर उनका संचालन को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जगतपुरा, जयपुर और खुडी, लक्ष्मणगढ़, सीकर में इस तरह के आवासीय विद्यालयों और वहां की गतिविधियों से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमताओं विकास के लिए किए कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की सहशैक्षिक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन के साथ इनमें देशभर में राज्य को अग्रणी किए जाने का आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि इस समय 60 प्रतिशत से अधिक विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों में स्काउट गाइड गतिविधियां संचालित हो रही है।

राज्यपाल ने गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की तर्ज पर महाविद्यालयों और विद्यालयों के लिए सात दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के लिए भी कार्यवाही किए जाने पर सहमति जताई। उन्होंने इस संगठन में कोटा मनी और फंड के लिए राशि एकत्रण आदि के लिए भी प्रस्तावों के संदर्भ में कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता जताई।

राज्यपाल ने स्काउट गाइड संगठन के जरिए युवाओं को अधिकाधिक लाभान्वित किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रीन कोर योजना के तहत स्काउट गाइड संगठन द्वारा ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण आदि के किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा इन गतिविधियों को और बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने संगठन के आम जन की सेवार्थ किए जा रहे कार्यों को भी अनुकरणीय बताया।

बैठक में स्काउट गाइड के राजस्थान के मुख्यायुक्त श्री निरंजन आर्य ने बताया कि आगामी 3 वर्षों में राज्य में 20 लाख स्काउट गाइड वृद्धि करने की योजना है। राज्य के 6 हजार 594 विद्यालय और महाविद्यालयों के स्वतंत्र समूह पंजीकृत किए गए। इससे पहले स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त डा. अखिल शुक्ला और अन्य पदाधिकारियों ने राज्यपाल का अभिनंदन किया। राज्य सचिव श्री पीसी जैन ने सभी का आभार जताया। राज्यपाल के सचिव श्री गौरव गोयल सहित बड़ी संख्या में बैठक में अधिकारियों ने भाग लिया।

———

राजभवन
राजस्थान
राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
राज्य मुख्यालय, जयपुर
माननीय राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
भारत स्काउट गाइड विभाग की समीक्षा बैठक
दिनांक : 06 मई, 2024
स्थान : राजभवन, जयपुर